*This question paper contains 8 printed pages.*

**6855**

*Your Roll No.* ...............................

**LL.B. / I Term** **G**

Paper LB-104— LAW OF CRIMES – I

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions.*
*All questions carry equal marks.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Critically analyze the following:

   (a) *Mens rea* is the very cornerstone of criminal jurisprudence

   (b) Constitutional validity of Section 309 IPC.

निम्नलिखित का आलोचनात्मक विवेचन कीजिए:

(a) मेन्स रिया आपराधिक न्यायशास्त्र की आधारशिला है।

(b) धारा 309 IPC की संवैधानिक वैधता। 10×2

2. Answer the following and cite decided cases in support of your answer:

(a) A enters B's house at night with intent to steal. B wakes up and tries to apprehend A. A in order to make good his escape, takes out a knife that he was carrying with him and stabs 'B' only once in his abdomen. During trial for voluntarily causing grievous hurt to B with a dangerous weapon, A claims that he acted in exercise of private defence. Decide.

(b) In the wake of demonetization a group of 50 people forcibly entered a leading bank and started vandalizing the premises. The bank employees who intervened or tried to restrain the crowd were assaulted. Five group members who carried lathis and rods with them played an active part whereas the rest of the people quietly witnessed the proceedings. Two bank employees suffered grievous injuries and one another suffered simple hurt. Discuss the liability of those who were armed and those who were unarmed.

निम्न का उत्तर दीजिए और उत्तर की पुष्टि में निर्णीत वादों का उद्धाहरण भी दीजिए:

(a) A रात को B के घर में चोरी के इरादे से घुसा। B जाग गया और उसने A को पकड़ने की कोशिश की। वहाँ से भाग निकलने के प्रयास में A ने चाकू, जो उसके पास था, निकाला और B के पेट में एक बार घोंप दिया। B को खतरनाक हथियार से इच्छापूर्वक गहरा घाव पहुँचाने के लिये उस पर वाद में A ने यह कहते हुए दावा किया कि उसने अपने रक्षण में यह किया। निर्णय कीजिए।

(b) विमुद्रीकरण के पश्चात् 50 लोगों का एक समूह एक बैंक में बलपूर्वक घुसकर परिसर में तोड़-फोड़ करने लगा। जिन बैंककर्मियों ने समूह को रोकने या बीच-बचाव की कोशिश की उन पर भी प्रहार किये गये। समूह के पाँच सदस्य अपने साथ लाठियाँ और सरिये लाये थे और मुख्यत: वे ही सक्रिय रूप से यह कार्य कर रहे थे, जबकि समूह के शेष सदस्य चुपचाप कार्यवाही देख रहे थे। दो बैंककर्मियों को गहरे घाव पहुँचे, एक और को मामूली चोट आयीं। जिन व्यक्तियों के पास हथियार थे और जिनके पास हथियार नहीं थे, उनके उत्तरदायित्व का विवेचन कीजिए। 10×2

3. Distinguish between:

(a) Criminal breach of trust and Dishonest misappropriation of property.

(b) Exception I and Exception IV to Section 300 IPC.

विभेद कीजिए:

(a) विश्वास का आपराधिक उल्लंघन तथा बेईमानी से सामग्री को हड़प लेना।

(b) धारा 300 IPC के अपवाद I तथा अपवाद IV। 10×2

4. Write short notes on any *two*:

(a) Cheating

(b) Stalking

(c) In all robbery there is either theft or extortion.

किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(a) धोखेबाजी

(b) पीछा करना

(c) सभी लूटपाट में या तो चोरी है या जबरन वसूली।

10×2

5. Discuss the criminal liability of Raghu in the following cases:

(a) Raghu stabs Rinku who is five year old son of Ram in his leg, due to which there is significant blood loss. Doctor advises blood transfusion but Ram refuses to get it done since his religious belief does not allow the same. Rinku dies three days later due to exterme loss of blood.

(b) Raghu is learning shooting. Despite being cautioned against practicing in crowded places, he practices shooting on a dummy target after placing it in a marketplace during daytime. A shot from his gun hits a person due to which that person dies.

निम्नलिखित मामलों में रघु के आपराधिक उत्तरदायित्व का विवेचन कीजिए:

(a) रघु ने राम के पाँच साल के पुत्र रिंकू के पैर में छुरे का प्रहार किया जिसके कारण खून की काफी क्षति हुई। डॉ० ने खून चढ़ाने की सलाह दी, परन्तु राम ने मना कर दिया क्योंकि उसके धार्मिक विश्वास उसे ऐसा करने की अनुमति नहीं देते हैं। 3 दिन पश्चात् रक्त के अत्यधिक निष्कासन के कारण रिंकू की मृत्यु हो जाती है।

(b) रघु निशानेबाजी सीख रहा है। भीड़ वाले क्षेत्र में अभ्यास न करने के लिये चेतावनी के बावजूद वह बाजार में पुतले पर निशाना लगाने का अभ्यास करता है। उसकी बंदूक से एक गोली एक व्यक्ति को लग जाती है जिससे उस व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

10×2

6. Nitibha, a fifteen year old girl is devastated when her father remarries immediately upon her mother's death. She runs away from the house and seeks shelter from Rakesh. Rakesh is her teacher in school. He persuades Nitibha to return back but she refuses to go back and volunteers to cook and clean for him if he allows her to stay with him. After a week police recover Nitibha from Rakesh's house. He is charged under Section 363 IPC for kidnapping Nitibha from lawful guardianship. Discuss the liability of Rakesh.

अपनी माता की मृत्यु के तुरन्त बाद अपने पिता द्वारा दुबारा शादी कर लेने से 15 वर्षीय नितिभा अत्यन्त क्षुब्ध हो जाती है। वह घर से भागकर अपने स्कूल के शिक्षक राकेश से आश्रय माँगती है। राकेश उसे वापस जाने की नसीहत देता है परन्तु वह मना करती है और राकेश के यहाँ रहने की अनुमति के बदले में खाना पकाने व सफाई करने को तैयार हो जाती है। एक सप्ताह बाद पुलिस को नितिभा राकेश के घर में प्राप्त होती है। 363 IPC के तहत् राकेश पर नितिभा को वैध अभिभावक के यहाँ से अपहरण करने का आरोप लगाया जाता है। राकेश के उत्तरदायित्व का विवेचन कीजिए। 20

7. "Rape is a question of law"— Examine the above statement in the light of relevant statutory provisions. How is this law different from the law against sexual assault provided under POCSO?

"बलात्कार एक कानूनी प्रश्न है।" प्रासंगिक वैधानिक प्रावधानों के प्रकाश में उपरोक्त कथन का परीक्षण कीजिए। यह कानून POCSO में उपलब्ध यौन आक्रमण के कानून से किस प्रकार भिन्न है? 20

8. Discuss the criminal liability of Raja in the following cases:

   (a) Raja, while driving his car in a drunken state at night, kills a man and injures three others who were sleeping on a pavement.

   (b) Raja hits Ramu, his servant with a stick, in his stomach as he suspects him of stealing. As a result of that injury his intestine got ruptured as it was inflamed due to appendicitis. This causes the death of Ramu.

निम्नलिखित मामलों में राजा के आपराधिक उत्तरदायित्व का विवेचन कीजिए:

(a) रात के समय नशे की हालत में कार चलाते समय राजा ने फुटपाथ पर सोये एक आदमी को मार दिया व तीन अन्य को घायल कर दिया।

(b) राजा ने अपने नौकर रामू के पेट पर चोरी के शक के आधार पर छड़ी से प्रहार किया। परिणामस्वरूप उसे चोट

लगी और उसकी आंतें, जो पहले से एपैन्डिसाइटिस की वजह से सूज रही थीं, फट गईं। इसके कारण उसकी मृत्यु हो जाती है। 10×2